>

Title: Need to construct a ring road along Ganga and Yamuna rivers in Allahabad in Uttar Pradesh to ensure smooth traffic system in the city.

श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर): इलाहाबाद शहर में प्रतिवर्ष माघ मेला व प्रत्येक 6 वर्ष पर अर्द्धकुम्भ मेला एवं प्रत्येक 12 वर्ष पर महाकुम्भ मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें देश विदेश से करोड़ों लोग पुण्य लाभ के साथ-साथ भारतीय आध्यात्म व दर्शन तथा संस्कृति की झलक देखने इलाहाबाद आते हैं। इलाहाबाद शहर तीन ओरसे गंगा व यमुना नदी से घिरा है जिसके कारण क्षेतूफल कम व जनघनत्व अत्यधिक है। कुम्भ मेला के अवसर पर जनघनत्व अत्यधिक होने के कारण सुचारू परिवहन व्यवस्था की समस्या पूरे शहर में रहती है। इलाहाबाद शहर में नदी के किनारे-किनारे रिंग रोड बनाकर शहरवासियों एवं आने जाने वाले लोगों को सुचारू परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है।

सरकार से अनुरोध है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इलाहाबाद शहर में गंगा एवं यमुना नदी के किनारे-किनारे रिंग रोड निर्मित कराये जिससे इलाहाबाद शहर के लोगों को सुचारू परिवहन व्यवस्था का लाभ मिल सके।